FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना नगला खंगर दिनाँक 07-10-2026 जनपद फिरोजाबाद।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02-10-2026 को थाना नगला खंगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कौरारी खेड़ा में एक महिला सोनी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर देने की घटना में वांछित 25,000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त नेपाल सिंह पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अभियुक्त नेपाल सिंह हुआ घायल।**
- **अभियुक्त नेपाल सिंह के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 स्पलेंडर मोटर साइकिल एवं 560/- रुपए बरामद।**
- **घायल अभियुक्त नेपाल सिंह को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

दिनाँक 02/10/2026 को थाना नगला खंगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोरारी खेड़ा में एक महिला सोनी पत्नी संदीप की सोनी के जेठ नेपाल सिंह द्वारा खेतों पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना नगला खंगर पर मु0अ0सं0 159/26 धारा 103(1) बीएनएस0 बनाम अभियुक्त नेपाल सिंह पुत्र जगदीश निवासी कोरारी खेड़ा थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।
उक्त घटना में वांछित अभियुक्त नेपाल सिंह की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना नगला खंगर पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। आज दिनांक 07-10-2026 को थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा भदान चौराहा के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध मोटर साइकिल आती हुई दिखाई दी, पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटर साइकिल सवार को रूकने का इशारा किया गया किन्तु संदिग्ध मोटर साइकिल सवार पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल वापस मोड़कर भागने लगा, जिस पर थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार का पीछा किया गया। साथ ही आरटी सेट के माध्यम से अन्य पुलिस टीमों को सूचना दी गयी। इसी दौरान बिरई अंडरपास सर्विस रोड, थाना नगला खंगर क्षेत्र में थाना नगला खंगर की दूसरी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध मोटर साइकिल सवार की घेराबंदी की गयी। संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार द्वारा स्वयं को दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरा हुआ देखकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर किये गये। थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान थाना नगला खंगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/26 धारा 103(1) बीएनएस0 में वांछित 25,000/- रुपये के इनामिया अभियुक्त नेपाल सिंह पुत्र जगदीश निवासी कोरारी खेड़ा थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद के

रुप में हुई है। अभियुक्त नेपाल सिंह के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 01 स्पलेंडर मोटर साइकिल एवं 560/- रुपये बरामद हुए हैं। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -

1. अभियुक्त नेपाल सिंह पुत्र जगदीश निवासी कोरारी खेड़ा थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण -

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. 01 स्पलेंडर मोटर साइकिल।
5. 560/- रुपए।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त नेपाल सिंह -

1. मु0अ0सं0 53/21 धारा 307, 324, 504 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 159/26 धारा 103(1) थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 5/25/27 आर्म्स एक्ट व 109(1) बीएनएस0 (पुलिस मुठभेड़) थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -

1. प्र0नि0 श्री विनोद कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 पुष्पेन्द्र कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विशाल सोरान थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अमित कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 1322 अवनीश थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 1303 दीपांशु थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 1327 कपिल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 1867 लाल बहादुर थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।